Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to built a canal to solve the drinking water and irrigation problem in Fatepur Sikri.

**श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी):** महोदया, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र फतेहपुर सीकरी में, जो आगरा जनपद का पूरा देहात का क्षेत्र है, राजस्थान के बार्डर के साथ लगे हुए गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पानी की बहुत किल्लत है । वहां जल स्तर 400 मीटर तक नीचे चला गया है और सिंचाई की बहुत दिक्कत है । लगभग 10 हजार हेक्टेयर किसानों की भूमि बंजर हो गई है । पहले वहां खारा पानी हुआ करता था, अब वह भी नहीं है । अकबर के जमाने से लेकर अब तक वहां पानी की समस्या चलती आ रही है । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि फतेहपुर सीकरी ब्लॉक में एक नहर की व्यवस्था की जाए, जिससे हजारों किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था हो सके । इससे उनकी बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी और वह खुशहाल होगा ।

**माननीय सभापति :** समय बहुत कम है, इसलिए सभी प्वाइंटेड बात कीजिए ।